K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
ASSESSMENT – I (2023-24)

GRADE: IV | **MARKS: 40**
SUB: HINDI | **TIME: 2 Hrs**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

खंड (क) पठित = अंक २०

प्रश्न १) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

गर्मी की छुट्टियाँ थीं। दोपहर के समय दिनेश घर में बैठा कोई कहानी पढ़ रहा था। तभी पेड़ के पत्तों को हिलाती हुई कोई वस्तु धम से घर के पीछे वाले बगीचे में गिरी। दिनेश आवाज़ से पहचान गया कि वह वस्तु क्या हो सकती है। वह एकदम से उठकर बरामदे की चिक सरका कर बगीचे की ओर भागा।

"अरे अरे, बेटा कहाँ जा रहा है? बाहर लू चल रही है।" दिनेश की माँ मशीन चलाते-चलाते एकदम ज़ोर से बोलीं। परंतु दिनेश रुका नहीं। उसने पैरों में चप्पल भी नहीं पहनी। जून का महीना था। धरती तवे की तरह तप रही थी। पर दिनेश को पैरों के जलने की भी चिंता नहीं थी।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(२अंक)**

१) धरती _______ की तरह तप रही थी।

२) दोपहर के समय दिनेश घर में बैठा कोई _________ पढ़ रहा था।

ख) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। **(२अंक)**

१) गर्मी की छुट्टियाँ थी।

२) जुलाई का महीना था।

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**

१) दिनेश को किसकी चिंता नहीं थी?

प्रश्न २) स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) **(२अंक)**

१) अगर आप ख्वाजा सरा की जगह पर होते तो बीरबल को हराने के लिए कौन-से सवाल पूछते?

प्रश्न ३) क) निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए। **(१अंक)**

१) प्रयास =

ख) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(२अंक)**

१) ठहाका लगाना =

२) नौ दो ग्यारह होना =

प्रश्न ४) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

आपस में टकराते रह-रह
शेरों से मतवाले बादल।

कुछ तो लगते हैं तूफ़ानी
कुछ रह-रह करते शैतानी

कुछ अपने थैलों से चुपके
झर-झर-झर बरसाते पानी

नहीं किसी की भी सुनते कुछ भी
ढोलक-ढोल बजाते बादल।

क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। **(२अंक)**

१) बादल ढोलक-ढोल बजाते हैं।

२) बादल शैतानी नहीं करते हैं।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प पद्यांश से चुनकर लिखिए। **(२अंक)**

१) बादल कैसे लगते हैं?

I) तूफ़ानी II) बारिश III) गब्बर-गब्बर

२) आपस में कौन टकराते हैं?

I) मतवाले बादल II) खिलौने III) बच्चे

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(१अंक)**

१) झर-झर-झर पानी कौन बरसाते हैं?

प्रश्न ५) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीर्घ लिखिए। **(२अंक)**

१) कविता में बादलों के किन-किन कार्यों का उल्लेख किया है?

प्रश्न ६) क) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए। **(१अंक)**

१) सरल ×

ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तित कीजिए। **(२अंक)**

१) कपड़ा = २) कहानियाँ =

खंड (ख) अपठित = अंक १०

प्रश्न १) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

अमित की राशन की दुकान थी। उसकी दुकान पर दालें, चावल और आटे से लेकर नमकीन, बिस्कुट आदि सब कुछ मिलता था। ऐसी कोई चीज़ न होगी जो उसकी दुकान पर न मिलती हो। एक बार दुकान पर रखी शहद की बोतल उलट गई। चारों ओर से कई मक्खियाँ उस बिखरे शहद पर टूट पड़ी। वे शहद चाटने मे इतनी मगन हो गईं कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब उनके पैर शहद में चिपक गए। अब उनके लिए उड़ना मुश्किल हो गया। उन्हें अपने लालच पर पछ्तावा होने लगा।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(२अंक)**

१) एक बार __________ पर रखी शहद की बोतल उलट गई।

२) उन्हें अपने __________ पर पछ्तावा होने लगा।

ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए। **(२अंक)**

१) दुकान = २) शहद =

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(२अंक)**

१) अमित की किसकी दुकान थी?

२) बिखरे शहद पर कौन टूट पड़ी?

प्रश्न २) क) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए। **(२अंक)**

१) अगर = २) हाथी =

ख) निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञा शब्द खोजकर लिखिए। **(२अंक)**

१) मोहन गाता है।

२) मैं दिल्ली में रहता हूँ।

खंड (ग) लेखन = अंक १०

प्रश्न १) क) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। **(५अंक)**

१) मेरी प्रिय ऋतु - वर्षा ऋतु २) मेरा प्रिय मित्र

ख) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। **(५अंक)**

१) परीक्षा में प्रथम आने पर आपके मामा ने आपको पुरस्कार के रुप में पुस्तकें भेजी हैं। उसी का धन्यवाद प्रकट करते हुए उन्हें पत्र लिखिए।

२) खेल-कूद प्रतियोगिता में पुरस्कार मिलने पर मित्र / सहेली को बधाई पत्र लिखिए।

****